# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

ज्ञान शांति मैत्री

**क़ादर नवाज़ ख़ान**
कार्यकारी कुलसचिव
**KADAR NAWAZ KHAN**
Acting Registrar

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902
फैक्स/Fax: + 91-7152-247602


पत्रांक : 60/फूड फेस्टि./597/2014-15
दिनांक : 02 दिसंबर, 2014

## परिपत्र

विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापकों, अधिकारियों, शिक्षकेतर कर्मियों एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्‌वविद्यालय के 17वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर 31 दिसंबर, 2014 को दोपहर 2.00 बजे से 'फूड फेस्टिवल' का आयोजन समता भवन के प्रांगण में किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय की ओर से फूड फेस्टिवल में स्टॉल धारकों के लिए काउंटर टेबल (क्लॉथ सहित) दो कुर्सी व अन्य संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है। विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापकों, अधिकारियों, शिक्षकेतर कर्मियों एवं विद्यार्थियों को रात्रि भोजन के लिए कूपन प्रदान किए जा रहे हैं, जिसका उपयोग 'फूड फेस्टिवल' में किया जाएगा। (अध्यापकों, अधिकारियों एवं शिक्षकेतर कर्मियों के लिए राशि रु. 250.00 एवं विद्यार्थियों के लिए रु. 150.00 का कूपन दिया जाएगा)।

विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों से निवेदन है कि वे फूड फेस्टिवल में स्टॉल लगाने के लिए सहभागिता करें। स्टॉल लगाने के इच्छुक व्यक्तियों को राशि रु. 100.00 देकर अपना पंजीकरण कार्यालयीन समय में दिनांक 10 दिसंबर, 2014 तक डॉ. अमित विश्वास, सहायक संपादक (संयोजक : फूड फेस्टिवल, मो. 9970244359) के पास (समता भवन, प्रथम तल, कक्ष सं. 01में) कराना होगा। व्यंजन की जानकारी पूर्व में ही देनी होगी। इस संदर्भ में फूड फेस्टिवल के सहसंयोजक श्री अनिर्बाण घोष, सहायक प्रोफेसर (भारतीय एवं विदेशी भाषा प्रगत अध्ययन केंद्र, भाषा विद्यापीठ, मो. 9422905742) से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। स्टॉल 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

लाजवाब व्यंजन बनाने वाले प्रथम तीन स्टॉल धारकों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

नोट : विद्यार्थी कूपन के लिए 22 दिसंबर, 2014 से अपने विभागाध्यक्ष से संपर्क करें।

क़ादर नवाज़ 02/12/14
**(क़ादर नवाज़ ख़ान)**

प्रतिलिपि :

समस्त विभाग/अनुभाग/केंद्र/ छात्रावास एवं सूचना पट्ट
लीला प्रभारी (वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु)


**पोस्ट– हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442005 (महाराष्ट्र), भारत**
Post Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442005 (Maharashtra), INDIA
**ई-मेल/**E-mail: registrar.mgahv@gmail.com, **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org